# भक्ति, शक्ति और समर्पण का महापर्व हनुमान जयंती हर्षोल्लास से मनाया

**इंदौर. शहर में गुरुवार को हनुमान जयंती पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया. शहर के मंदिरों में हनुमान जी आकर्षक श्रृंगार कर उन्हें विभिन्न रूपों में सजाया गया. इसके साथ ही हनुमान चालीसा पाठ और सुदंरकांड पाठ के आयोजन किए गए. जगह-जगह पर भंडारे के आयोजन हुए. मंदिरों में भगवान के दर्शनों के लिए कतारें लगी रही. सुबह से लेकर शाम तक जय श्री राम के जयकारें गूंजते रहे.**

## गीता भवन में स्वामी राघवदास महाराज ने की महाआरती



मनोरमागंज स्थित गीता भवन में हनुमान प्राकट्य महोत्सव में गुरुवार को सुबह जगदगुरू रामानंदाचार्य, श्रीमठ काशी पीठाधीश्वर स्वामी रामनरेशाचार्य महाराज के सानिध्य में जन्मोत्सव आरती का आयोजन सौल्लास संपन्न हुआ. इस अवसर पर जगदगुरू स्वामी रामनरेशाचार्यजी के उत्तराधिकारी राघवदास महाराज ने हनुमानजी का पुष्प एवं सिंदूर से मनोहारी श्रृंगार किया. प्रारंभ में गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, रामविलास राठी, प्रेमचंद गोयल, मनोहर बाहेती, महेशचंद्र शास्त्री, दिनेश मित्तल, टीकमचंद गर्ग, हरीश माहेश्वरी, संजीव कोहली, विष्णु बिंदल, संजय मंगल, तुलसी मनवानी आदि ने पूजा एवं अभिषेक में भाग लिया. अलसुबह हनुमान मंदिर में रामनरेशाचार्यजी एवं स्वामी राघवदास महाराज के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हनुमानजी के अभिषेक एवं महाआरती में भाग लिया। स्वामी राघवदास महाराज ने भक्तों को प्रसाद एवं दक्षिणा भेंट की. इसके पूर्व अलसुबह ब्रह्ममुहूर्त में हनुमानजी की साक्षी में सुंदरकांड का पाठ भी किया गया.

## विद्याधाम पर लगाया चने-टिक्कड़ का भोग



विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह से भक्तों का मेला लगा रहा। श्री श्रीविद्याधाम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि आचार्य पं. राजेश शर्मा एवं आचार्य पं. राहुल कृष्ण शास्त्री सहित 11 विद्वानों के निर्देशन में सुबह षोडशोपचार पूजन, अभिषेक, चोला, श्रृंगार एवं नैवेद्य समर्पण की रस्में संपन्न कर 21 किलो नमकीन चने और टिक्कड़-गुड़ का भोग समर्पित किया गया. जन्मोत्सव आरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। दोपहर में मां अंजनि मातृशक्ति द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया. बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साह के साथ सुंदरकांड पाठ में भाग लिया. संध्या को हनुमानजी का विशेष श्रृंगार दर्शन एवं सायं 7.30 बजे महाआरती के बाद रात 8 बजे से सामूहिक सुंदरकांड पाठ हुआ.

## हंसदास मठ पर सैकड़ों भक्तों को दिए अभिमंत्रित कवच



एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर हनुमान प्राकट्य दिवस पर दो दिवसीय महोत्सव का समापन गुरुवार रात को सैकड़ों भक्तों को हंस पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर पवनदास महाराज के सान्निध्य में चिंताहरण पंचमुखी हनुमानजी की साक्षी में अभिमंत्रित रक्षा कवच के वितरण के साथ हुआ. इसके पूर्व गुरुवार को सुबह भगवान के जन्मोत्सव की आरती, श्रृंगार दर्शन, छप्पन भोग एवं बुधवार से चल रहे अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति संपन्न हुई. मठ के महंत पं. अमितदास महाराज ने बताया कि सुबह 6 बजे से हनुमानजी का प्राकट्य महोत्सव धूमधाम से मनाया गया. इस दौरान महाआरती एवं भव्य चोला दर्शन के कार्यक्रम हुए। पूर्णाहुति हवन सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुआ. शाम 7 बजे श्रृंगार दर्शन एवं महाआरती के बाद 56 भोग समर्पित किए गए. संध्या को ही भक्तों को पंचमुखी हनुमानजी की साक्षी में अभिमंत्रित रक्षा कवच (ताबीज) का वितरण भी किया गया।

## महाप्रचंड हनुमान मंदिर गुरु आश्रम पर सजा पुष्प बंगला



महाप्रचंड गुरू आश्रम माली मोहल्ला एमओजी लाइंस पर गुरुवार को आश्रम के महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में हनुमानजी का प्राकट्य महोत्सव धूमधाम से मनाया गया. इसके पूर्व बुधवार से शुरू हुए अखंड रामायण पाठ का समापन यज्ञ-हवन के साथ गुरुवार को सुबह हुआ. हनुमान जयंती पर आश्रम स्थित सभी देवी-देवताओं, महाप्रचंड हनुमानजी एवं संत लादूनाथ महाराज की प्रतिमाओं का मनोहारी पुष्प एवं विद्युत श्रृंगार किया गया. मालवा, निमाड़ और मारवाड़ क्षेत्र से आए संतों-महंतों ने भी यज्ञ-हवन में आहुतियाँ समर्पित की और सनातन धर्म की मजबूती के लिए कामना की. गुरू आश्रम न्यास समिति ट्रस्ट की ओर से सचिन सुईवाल, बाबूलाल जैन एवं विजय अग्रवाल ने बताया कि आश्रम स्थित संत लादूनाथ महाराज के मंदिर में हनुमानजी का आकर्षक पुष्प बंगला श्रृंगारित किया गया, वहीं सुबह महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में पूजा-अभिषेक एवं श्रृंगार कर आरती की गई. भक्त मंडल की ओर से मयूर सुईवाल, योगेश सुईवाल, रोहित सियोटा, विजय अग्रवाल, सचिन सुईवाल, एवं रामलाल समरवाल सहित अनेक श्रद्धालुओं ने संत-विद्वानों की अगवानी की।

## सुगंधित द्रव्यों से किया अभिषेक



पद्मावती वेंकटेश देवस्थान विद्या पैलेस कॉलोनी एयरोड्म रोड पर परम पूजनीय रामानुज स्वामी केशवाचार्य महाराज की पावन प्रेरणा से वेंकटेश बालाजी के निज मंदिर में भगवान बालाजी का श्रृंगार एवं मंगल आरती हुई. मंदिर समिति मनोहर सोनी एवं हरिकिशन साबू ने बताया कि वेंकटेश बालाजी सरकार के दिव्य दरबार में हनुमान जी के चल विग्रह का दुग्ध एवं विभिन्न प्रकार के सुगंधित द्रव्यों से अभिषेक किया गया साथ ही भक्तों द्वारा हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया भजन गायक रामहुरकट एवं सालासर बालाजी सरकार मंडल द्वारा सामूहिक 108 सुंदरकांड शाम 5ः00 से हुआ तत्पश्चात भगवान वेंकटेश बालाजी की आरती एवं हनुमान जी की आरती की गई।

## पूर्व मुखी बाल हनुमान मंदिर में राम-हनुमान मिलन



प्रेस क्लब के पास स्थित पूर्व मुखी बाल हनुमान जी मंदिर में गुरुवार को राम जी और हनुमान जी के मिलन का भव्य आयोजन किया गया. इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला. पंडित नवीन शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विशेष पूजा-अर्चना और आरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. राम-हनुमान मिलन की झांकी ने भक्तों को भावविभोर कर दिया. मंदिर को आकर्षक फूलों और रोशनी से सजाया गया था, जिससे वातावरण और भी मनमोहक हो गया.

## नवभारत परिसर में धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव, भंडारे का भी हुआ आयोजन

**इंदौर.** नवभारत परिसर में गुरुवार को हनुमान जयंती का पर्व श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और हनुमानजी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया. कार्यक्रम के दौरान भक्तों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ और भजन-कीर्तन भी किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया. पूजा-अर्चना के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया.





## स्वर्ण आभूषणों से दमके अलीजा सरकार



हनुमान जयंती के महापर्व पर पंचकुइया स्थित अलीजा सरकार के दरबार में अद्भुत और अलौकिक नजारा देखने को मिला. भगवान हनुमान का ऐसा वैभवशाली श्रृंगार किया गया है कि भक्त देखते ही मंत्रमुग्ध होते रहे. गादीपति ब्रह्मचारी पवनानद महाराज ने बताया कि इस बार अलीजा सरकार को 15 ग्राम शुद्ध सोने का वर्क चढ़ाया गया है. भगवान के मस्तक पर केसर का लेपन किया गया है और सूरत के विशेष कारीगरों द्वारा तैयार किया गया हीरा जड़ित मुकुट पहनाया गया है. इसके साथ ही प्रभु को स्वर्ण तिलक, स्वर्ण लाकेट और स्वर्ण कड़ा जैसे बहुमूल्य आभूषणों से सजाया गया है, जिससे दरबार की आभा देखते ही बन रही थी. मंदिर परिसर में 20×30 फीट का विशाल फूल बंगला तैयार किया गया. शाम को विशाल भंडारे का आयोजन होगा.

## फूल बंगले में विराजे पितृरेश्वर हनुमान, लगा छप्पन भोग



पितृ पर्वत स्थित पितृरेश्वर हनुमान धाम में हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मना. पितृरेश्वर हनुमान जी अनेक किस्मों के फूलों से सजे फूल बंगले में विराजे, महाआरती हुई. हजारों भक्त सम्मिलित हुए. धाम प्रमुख आकाश विजयवर्गीय, महेश दलोद्रा ने बताया कि पितृरेश्वर हनुमान धाम में गुरुवार को सुबह भगवान का वेद मंत्रों के बीच आचार्य पंडितों की उपस्थिति में षोडशोपचार पूजन करके मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महेश दलोद्रा ने अभिषेक किया उसके भगवान पितृरेश्वर हनुमान जी का विशेष श्रृंगार हुआ दरबार मोगरा गुलाब सहित अनेक किस्म के फूलों से सजा, दिनभर दर्शन हुए सुबह 11.30 बजे महाआरती हुई. शाम 5 बजे महाप्रसादी वितरण हुआ फिर शाम को 7 बजे महाआरती हुई, साधु संत भी सम्मिलित हुए। इस आयोजन में मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला सहित अन्य सम्मिलित हुए.

## भगवान खेड़ापति हनुमान ड्रॉयफ्रूट से सजे



इंदौर पंचकुईया स्थित श्री राम मंदिर आश्रम मे गुरुवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया. सुबह भगवान खेड़ापति हनुमान जी का अभिषेक,श्रृंगार, 108 दीपों से जन्मआरती, भोग, प्रसादी हुई. हनुमानजी के जयकारो के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा. मंदिर में साज सजावट की गई. विद्युत रोशनी मे अलग अलग रंगो मे भगवान हनुमानजी के दर्शन हुए. पूरे मंदिर को फूलों व हरे वृक्ष के पत्तों से सजाया गया. पंचकुइया पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर रामगोपालदास महाराज ने बताया कि हनुमान जयंती पर हनुमानजी का आचार्यो व पंडितों द्वारा वैदिक मन्त्रोच्चार के बीच जाप के साथ अभिषेक कर पूजन अर्चन किया गया. पूजन पश्च्यात हनुमानजी का विशेष श्रृगांर ड्रायफ्रूट से हुआ. फलों व मिष्ठानो के भोग के साथ बेसन के लडडुओ का भोग लगाया गया.पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर रामगोपालदास महाराज ने श्री खेड़ापति हनुमान की जन्मोत्सव आरती 108 दीपों से की.

## फूल बंगले में विराजे संकटमोचन हनुमान, महाआरती हुई



एबी रोड स्थित मां आनंदमई पीठ आश्रम में हनुमान जयंती मनाई गई,संकटमोचन हनुमान फूल बंगले में विराजे, महाआरती हुई. संस्थापक अध्यक्ष स्वामी केदारनाथ महाराज एवं स्वामी परिपूर्णानंद ने बताया कि सुबह 6 बजे से ही संकटमोचन हनुमान के दर्शन के लिए भक्तों का ताता लग गया था. प्रारंभ में सुबह 9 बजे से 10 बजे तक मां की चरण पादुकाओं का पूजन अभिषेक किया. 10 बजे से 12 बजे तक संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया एवं हनुमान चालीसा के पाठ भक्तो ने किए. संकट मोचन हनुमान जी का विशेष श्रृंगार करके फूल बंगले में सजाया गया. इस अवसर पर मुकेश-संगीता कचोलिया, विजय निचानी, निलेश पूजा मित्तल, अशोक पाहवा, मनोज भाया आदि उपस्थित थे.

---

### एक नजर में

## सहयोग सोशल वेलफेयर ग्रुप ने किए सेवा कार्य



**इंदौर.** विजयनगर स्थित महेश दृष्टिहीन कल्याण संघ में सहयोग सोशल वेलफेयर ग्रुप द्वारा एक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर समूह के सदस्यों ने वहाँ उपस्थित बच्चों को नाश्ता वितरित किया एवं अन्न दान भी किया. कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने गायत्री मंत्र का उच्चारण किया, जिससे वातावरण आध्यात्मिक और सकारात्मक हो गया. सदस्यों ने बच्चों के साथ समय बिताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. इस अवसर पर समूह की सदस्याएं हंसा थोरात, सविता सिरसाट, रंजना मिश्रा, राजकुमारी मेहरा, कविता ठाकुर, आरती कापसे, गायत्री खराटे एवं चंद्रकला महायच उपस्थित रहीं. समूह का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्गों की सहायता करना एवं सेवा भाव को बढ़ावा देना है.

## गौसेवक योगेश होलानी का अभिनंदन



**इंदौर.** गोकुलम सेवा न्यास द्वारा संचालित रेशम केंद्र यशवंत सागर स्थित गोकुलम गौशाला में पिछले 8 वर्षों से निशुल्क सेवा देने वाले शहर के गौसेवक योगेश होलानी का गौशाला द्वारा आयोजित स्नेह मिलन समारोह में अभिनन्दन किया गया. इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के मार्गदर्शक मंडल सदस्य हुकुमचंद सांवला, वीरेंद्र धाकड़, अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, उद्योगपति वासु टिबडेवाल, प्रवीण मुरारका, राजेश गर्ग, ओम प्रकाश अग्रवाल, एसपी बंसल, संजय अग्रवाल, भरत केडिया, नंदकिशोर अग्रवाल, अमित मोदी, मनीष गुप्ता, विनोद खेमका, मुकेश जैन, देवकीनंदन अग्रवाल, अशोक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में इंदौर के उद्योग जगत से जुड़े उद्योगपति, समाजसेवी एवं कई संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे. होलानी पिछले कई वर्षों से बीमार, बुजुर्ग, लाचार और समाज द्वारा छोड़ी गई गौमाता की सेवा में कार्यरत हैं.

## शंख, ध्वनि के साथ हुई महाआरती



**इंदौर.** नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जयन्ती धूमधाम से मनाई गई. महंत मंगलदास महाराज खाकी द्वारा शंख, ध्वनि के साथ महाआरती की गई. प्रवीण जोशी ने बताया कि दोपहर को सुंदर कांड की चौपाइयों के साथ हवन हुआ, जिसमे भक्तो ने भी आहुति दी। शाम को महाप्रसादी वितरित की गई.

---

# शहर में चोरों का आतंक, तीन थाना क्षेत्रों में चोरों का धावा

- जेवर, नकदी सहित लाखों का सामान किया चोरी

**इंदौर. शहर में चोरों के हौसले इस कदर बढ़ गए हैं कि अलग-अलग इलाकों में एक के बाद एक सूने मकानों को निशाना बनाया जा रहा है. बीती रात तीन थाना क्षेत्रों में ताले तोड़कर बदमाश लाखों रुपए के जेवर, नकदी और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए. लगातार हो रही वारदातों से लोगों में दहशत का माहौल है.**

तेजाजी नगर थाना प्रभारी देवेन्द्र मरकाम ने बताया कि थाना क्षेत्र के श्रद्धा सबुरी अपार्टमेंट (गंगा विहार, शिवधाम लिम्बोदी) में रहने वाले 23 वर्षीय रोहित सोनी ने पुलिस को बताया कि मेरे फ्लैट में अज्ञात बदमाशों ने धावा बोला. कोई अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़ डाला और चार सोने की अंगूठियां, एक चैन, हार, झुमकी, कान के टॉप्स, चांदी की पायल बिछिया और नकदी पर हाथ साफ कर दिया.

चोरी का दूसरा मामला गांधी नगर थाना क्षेत्र में सामने आया. थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि थाना क्षेत्र की कल्याण संपत विहार कॉलोनी में रहने वाले 28 वर्षीय शुभम लोधा ने बताया कि अज्ञात चोरों ने उनके मकान को निशाना बनाया. बदमाश मेन गेट का ताला तोड़कर घर में घुसे और अलमारी में रखे सोने चांदी के आभूषण व नकदी लेकर चंपत हो गए.

### सीसीटीवी फुटेज के जरिये चोरों की तलाश में जुटी पुलिस

इसी तरह तीसरी वारदात विजय नगर थाना क्षेत्र की स्कीम नंबर 54 में भी सामने आई है. थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि यहां रहने वाली 34 वर्षीय कशिश जैन ने पुलिस को बाताय कि उनके मकान से चोर एसी का कॉपर पाइप, बिजली वायर, ड्रिल मशीन समेत अन्य सामान उड़ा ले गए. तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और बदमाशों की तलाश में जुटी है.

## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता, सह मीडिया प्रभारी और मीडिया पेनलिस्टों की घोषणा

**इंदौर.** प्रदेश भाजपा संगठन ने आज देर रात प्रदेश सह मीडिया प्रभारी, प्रवक्ता और मीडिया पैनलिस्टों की घोषणा कर दी। नई मीडिया टीम में 9 सह मीडिया प्रभारी, 33 प्रदेश प्रवक्ता और 47 मीडिया पेनलिस्ट की नियुक्ति की गई है.

प्रदेश भाजपा मीडिया आशीष उषा अग्रवाल ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से 9 सह मीडिया प्रभारी बनाए है. 9 सह मीडिया प्रभारी में इंदौर से आलोक दुबे को स्थान मिला है. वहीं 33 प्रदेश प्रवक्ताओं में इंदौर से महू विधायक उषा ठाकुर, डॉ दिव्य गुप्ता, वैभव शुक्ला और सचिन बघेल को शामिल किया गया है. वहीं 47 प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट में इंदौर से जेपी मूलचंदानी, प्रेम व्यास, अविनाश पटवारी, एड आदित्य दीक्षित, सागर कसेरा, विवेक सिन्हा, मनस्वी पाटीदार, नितिन द्विवेदी, कमल वर्मा को मीडिया पेनलिस्ट बनाया गया है.

# पातालपानी के रेनबो रिसोर्ट में हनीट्रैप की साजिश

- रेनबो रिसोर्ट में युवक को फंसाया, धमकाकर 2 लाख मांगे
- दो महिलाएं समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. पातालपानी क्षेत्र स्थित रेनबो रिसोर्ट में महू रहने वाले एक युवक को हनीट्रैप में फंसाकर 2 लाख रुपए की ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है. पुलिस ने दो महिलाओं समेत तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

महू में रहने वाले दीपक सिंह रावत को इंदौर की भावना और साधना गुप्ता ने अपने साथी विजय तिलवारी के साथ मिलकर रिसोर्ट में बुलाया था, फरियादी का आरोप है कि पहले उसे बातचीत में उलझाया और फिर अचानक झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हुए 2 लाख रुपए की मांग कर दी. आरोपियों ने संगठित तरीके से उसे घेरकर मानसिक दबाव बनाया, लेकिन युवक ने हिम्मत दिखाते हुए पैसे देने के बजाय सीधे बड़गोदा थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई.

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तीनों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कर ली है और उनकी तलाश शुरू कर दी है. मामले में डीएसपी हेडक्वार्टर उमाकांत चौधरी का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की बारीकी से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा.



# सामाजिक सम्मेलन से परिवारों में होता है एकता का संचार

- माहेश्वरी मेवाड़ा थोक 150 स्नेह सम्मेलन संपन्न

**इंदौर. सामाजिक स्नेह सम्मेलन से समाज के परिवारों में परस्पर एकता, सौहार्द एवं अपनेपन का भाव उत्पन्न होता है जो हमारी संस्कृति और परंपरा को जीवित व शाश्वत रखता है.**

यह बात माहेश्वरी समाज इंदौर जिले के अध्यक्ष डॉ सत्यनारायण मंत्री ने माहेश्वरी मेवाड़ा थोक 150 तुम्हारा मुकुट मांगलिक भवन कुमार नगर में आयोजित स्नेह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में कही. आपने कहा कि यह संगठन की जिम्मेदारी है कि अपने परिवारों के सुख-दुख में अवश्य शामिल हो. इस अवसर पर समाजसेवी दिनेश काबरा एवं गोविंद बेड़िया ने भी संबोधित किया. पर वरिष्ठ दंपत्ति रूपनारायण शकुंतला मंत्री एवं कमल चंद्रकांता बाहेती का सम्मान भी किया गया. प्रारंभ में स्वागत भाषण संस्था के अध्यक्ष कैलाश मूंगड़ ने दिया. अपने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला एवं कहा कि हमारी एकता ही हमारे असली ताकत है. अतिथियों का स्वागत प्रकाश अजमेरा, सुरेश हेड़ा, ललित सोमानी, केदार हेड़ा, विजय गट्टानी, दिनेश चितलांगिया, अजय लाहोटी,कालू शारदा ने किया. संचालन मंत्री मनोज जाखेटिया ने किया तथा आभार ओम गगरानी ने व्यक्त किया.

---

**एक नजर में** | **माहेश्वरी महिला मंडल इंदौर जिला एवं नौ क्षेत्रीय संगठनों का सामूहिक शपथ विधि**

# बिना किसी मनभेद के समाज उपयोगी कार्य करें



**इंदौर. इंदौर जिला माहेश्वरी महिला संगठन एवं नौ क्षेत्र के नवीन सत्र की गरिमायुक्त शपथ विधि समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ.**

इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती गीता मूंदड़ा कहा कि सभी पदाधिकारी अपने मन की सारी कलुषताएं यहीं छोड़ कर जाएं एवं बिना किसी मनभेद के सभी को साथ लेकर समाज कल्याण के आयोजन करें. यदि हम अनुशासित एवं एकजुट रहे तो समाज की बेहतर सेवा कर पाएंगे जिसकी अपेक्षा समाज को हमसे है. अध्यक्ष डिंपल माहेश्वरी ने सभी का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि आने वाले समय में सभी नौ क्षेत्र जिला इकाई के साथ मिलकर महिला सशक्तिकरण,शिक्षा और सेवा के प्रकल्पों पर केंद्रित होकर कार्य करेंगी. शपथ विधि कार्यक्रम की बागडोर को नम्रता मालपानी ने नए अंदाज में गरिमामय ढंग से संभाली. शपथ विधि के साथ समाज की दो होनहार बेटियों का सम्मान किया. बेटी आरुषी बाहेती जो भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर सुशोभित हुई है व बेटी निधि बंग ने भी भारतीय जनता पार्टी की कोषाध्यक्ष बनकर हमारे शहर का नाम रोशन किया है.

### निवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान

इसी मंच से नवनिर्वाचित ट्रस्ट पदाधिकारी एवं प्रदेश पदाधिकारी का भी स्वागत सम्मान किया गया. संचालन सचिव पुष्पा मौलासरिया द्वारा व्यवस्थित रूप से किया गया. अतिथियों का स्वागत व परिचय संयोजक सीमा माहेश्वरी व लता गट्टानी ने आत्मीयता से किया. कार्यक्रम की व्यवस्थाओं और समन्वयं की जिम्मेदारी संगठन की बहनों द्वारा बखूबी संभाली गई. इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशीला काबरा, माहेश्वरी समाज इंदौर जिला के अध्यक्ष सत्यनारायण मंत्री, महासभा के कार्य समिति सदस्य राम मूंदड़ा भी उपस्थित थे. आभार जिला सचिव मीनाक्षी नवाल ने माना.